
# यूपी का निर्यात बढ़ाकर 3 लाख करोड़ रुपये करने का लक्ष्य : सिद्धार्थनाथ सिंह

लखनऊ। प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम व निर्यात प्रोत्साहन मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने कहा कि कोरोना महामारी के कारण चालू वित्त वर्ष निर्यातकों के लिए मुश्किल भरा रहा। प्रदेश सरकार यूपी निर्यात संवर्धन परिषद के माध्यम से अगले पांच से 10 वर्षों के लिए निर्यात रणनीति तैयार कर रही है। इससे निर्यातकों को आपदा से उबरने और राज्य से निर्यात वृद्धि में सहायता मिल सके।



अंतरराष्ट्रीय परामर्शदात्री संस्था 'प्राइस वाटर हाउस कूपर्स' को उत्तर प्रदेश निर्यात संवर्धन परिषद का सलाहकार नियुक्त किया गया है। यूपी से निर्यात को 1.2 लाख करोड़ रुपये से बढ़ाकर तीन लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। सिंह ने खादी भवन के सभागार में समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव डॉ. नवनीत सहगल ने कहा कि प्रदेश में वर्तमान व्यापार अवसरों, विनिर्माण व निर्यात क्षमता की समीक्षा के माध्यम से निर्यात के लिए सबसे ज्यादा संभावना वाले प्राथमिक क्षेत्रों की पहचान की गई है। प्रदेश के 25 मुख्य जिलों में ऐसे 17 प्राथमिक क्षेत्रों का चिह्नीकरण किया गया है। इनमें इलेक्ट्रॉनिक एंड इलेक्ट्रिकल आइटम व कपड़ों के कारोबार के लिए गौतमबुद्धनगर, चर्म एवं चर्म उत्पाद कानपुर, आगरा व उन्नाव, मशीनरी उपकरण गौतमबुद्धनगर व गाजियाबाद के लिए चिह्नित किए गए हैं। ब्यूरो